wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 | अंक-43 | सागवाड़ा, गुरुवार, 7 अक्टूबर, 2021 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

# 10 दिन में राशि डबल करने का झांसा देकर 6 लोगों से 9.50 लाख ठगे

## रंगास्वामी बताकर ठगी करने वाली गैंग का खुलासा, तांत्रिक विद्या के नाम पर बकरे भी मांगे




**डूंगरपुर।** जिले के साबला थाना पुलिस ने। रंगास्वामी बताकर लोगों से लाखों की ठगी करने वाली गैंग का खुलासा किया है। साधुओं का वेश धारण कर लोगो को 10 दिन में राशि डबल करने का झांसा देते और फिर उनसे राशि हड़प लेते। पकड़े गए ठगों ने 6 लोगों से 9 लाख 50 हजार रुपये की ठगी कबूल कर ली है। वहीं तांत्रिक विद्या के नाम पर लोगों से बकरे भी ऐंठ लिए है। साबला थानाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि डूंगर पुत्र पूना मीणा निवासी केजड फला जोयरा थाना सराड़ा उदयपुर ने न्यायिक मजिस्ट्रेट आसपुर में इस्तगासा पेश किया था। इस्तगासे के आधार पर साबला थाने में केस दर्ज हुआ था, जिसमें बताया था कि 1 अप्रैल 2021 से करीब 20 दिन पहले 2 व्यक्ति साधु का वेश लेकर उसके घर पंहुचे। दोनो साधुओं ने उससे 5 रुपये का नोट मांगा, जिस पर उसने पांच रुपये दे दिए। साधुओं ने उसे अपने जाल में फंसाया ओर कहा कि तेरा भाग्य खुल जायेगा। तेरे घर मे कोई कमी नहीं रहेगी। इस पर उसने दोनो साधुओं को चाय पिलाई और मोबाइल नंबर भी लिए। इसके बाद साधुओं ने उसे कई बार फोन कर साबला बुलाया। साधुओं ने उसे किस्मत खुलने का झांसा दिया और घर से रकम लेकर आने और 8 दिन में डबल करने की बात कहीं, जिस पर वह साधुओं के झांसे में आ गया। इसके बाद दूसरे दिन वह 1 लाख 55 हजार रुपये लेकर आया ओर साधुओं को दे दिए। साधुओं ने उसे 8 दिन बाद आने के लिए कहा। समय होने पर वह वापस गया तो उन्होंने कहा कि तुम्हारे पहले वाली रकम तो बढ़ गई है, लेकिन अब ओर रकम लेकर आओ, जिस पर वह 2 लाख 25 हजार रुपये ओर 70 हजार 51 रुपये लव गया और दे दिए। समय होने पर डबल रुपये मांगे तो साधु का वेश धारण करने वालो ने रुपये देने की बजाय मारने के लिए आते और इसके बाद फोन भी बंद कर दिया। थानाधिकारी ने बताया कि मामला सामने आने के बाद जांच शुरू की गई। हेड कांस्टेबल गिरिराजसिंह, कांस्टेबल जयपालसिंह, विपिन कुमार, हर्षवर्धनसिंह, धर्मराजसिह, दिनेश की टीम ने जांच शुरू कर दी। तकनीक व कॉल ट्रेस करने के बाद पुलिस ने रमेश पुत्र डंकिया कनिपा निवासी साबला फला धोलीरेड साबला, कांति पुत्र जोरिया कनिपा निवासी रंगेली व गोविंद पुत्र लेरिया कनिपा कनिपा निवासी चिरौली मोटागाव को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने साधु का वेश लेकर ठगी की वारदात करना कबूल कर लिया है।

### आरोपी ऐसे देते थे वारदातों का अंजाम

पुलिस ने बताया कि आरोपी साधु का वेश धारण कर भोले- भाले लोगो को अपना शिकार बनाते थे। साधु का वेश पहना होने से लोग उन पर विश्वास कर लेते थे। इसके बाद लोगों को राशि दुगुनी होने का लालच दिखाकर राशि ऐंठ लेते थे, लेकिन इसके बाद लोगो को राशि वापस नहीं लौटाते थे। आरोपी फर्जी सीम कार्ड और मोबाइल के जरिये लोगों को ठगते थे ताकि पुलिस के पकड़ में भी नहीं आये, लेकिन पुलिस ने तीनों आरोपियों को पकड़ लिया।

### इन वारदातों का खुलासा

1. फरवरी 2021 में कच्छर थाना खेरोदा उदयपुर में एक व्यक्ति से तांत्रिक विद्या के नाम पर लालच देकर 5 लाख रुपये ठगे।
2. फरवरी-मार्च महीने में श्यामपुरा सराड़ा उदयपुर के एक व्यक्ति से घर पर तंत्र विद्या के नाम पर एक बकरी व 500 रुपये ऐंठे।
3. बटुका थाना सराड़ा में एक व्यक्ति से तांत्रिक विद्या के नाम पर एक बकरा व 500 रुपये ठगे।
4. गेजुआ थाना सराड़ा में एक घर पर तंत्र विद्या कर बकरा व 500 रुपये ऐंठे।
5. सेसई थाना सरदमे एक व्यक्ति स एक बकरा, 1 हजार रुलाये ठग लिए।

# घर की छत से खाट पर गिरा सांप, गले में लिपटकर बेटे को डसा

## झाड़फूंक करवाते रहे परिजन, तबियत बिगड़ने पर अस्पताल लाये, इलाज के दौरान मौत

**डूंगरपुर।** खाट पर सोए एक युवक की घर की कवेलू पोश छत से मौत नीचे गिरी। खाट पर गिरा सांप युवक के लगे से लिपट गया और युवक के गले पर डस लिया। इसके बाद परिजन भोपे के पास झाड़ फूंक करवाते रहे। तबियत ज्यादा खराब होने पर गंभीर हालत में युवक को सागवाडा अस्पताल में भर्ती करवाया, जंहा इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

दरअसल सागवाडा थाना क्षेत्र के तोरणीया गांव निवासी राजेंद्र रोत ने बताया कि उसका भाई बापूलाल रोत (22 वर्ष) के साथ घर में सोया था। गुरुवार तड़के करीब 5 बजे केलूपोश घर की छत से एक सांप भाई बापू के खाट आ गिरा। इसके बाद सांप बापू पर रेंगता रहा और उसके गर्दन पर जाकर लिपट गया। इसके बाद सांप ने बापू के गर्दन पर डस लिया। डसने के बाद सांप वहां से चला गया, लेकिन सांप के डंक के बाद बापू चिखने-चिल्लाने और तड़पने लगा। यह देख भाई राजेंद्र फटाफट उठा और गर्दन से लिपटे सांप को पकड़कर फेंक दिया।

इसके बाद परिजन बापूलाल को लेकर भोपे के पास गए, जहां भोपा तड़पते बापूलाल को लेटाकर उस पर झाड़फूंक करता रहा, लेकिन इसके बाद भी बापूलाल की तबियत नही सुधरी तो परिजन उसे गंभीर हालत में सागवाडा अस्पताल लेकर पंहुचे, जहां डॉक्टर ने उसकी जांच कर इलाज शुरू कर दिया। इलाज के दौरान बापूलाल ने दम तोड़ दिया।

इसके बाद शव को मोर्चरी में रखवाया गया। घटना की सूचना पर सागवाडा थाना पुलिस अस्पताल पंहुची और घटना की जानकारी ली। मामले में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

## कांग्रेस सेवादल प्रदेश अध्यक्ष ने पूर्व सांसद भगोरा से की मुलाकात



**डूंगरपुर।** कांग्रेस सेवादल प्रदेश अध्यक्ष हेमसिंह के वागड़ अंचल के दौरे के दौरान गुरुवार को डूंगरपुर का कार्यक्रम था। इससे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हेमसिंह ने पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा के निवास हाउसिंग बोर्ड पहुंचकर कांग्रेस पार्टी की मजबूती पर चर्चा की।

इनके साथ प्रदेश महासचिव अविकुल शर्मा एवं प्रदेश मुख्य प्रशिक्षक व डूंगरपुर प्रभारी विनोद दादा पाठक, प्रदेश सचिव मानव गुप्ता व मनोहर कोटेड थे। इस मौके पर भगोरा ने प्रदेश अध्यक्ष व साथियों का स्वागत किया इस अवसर पर पूर्व प्रधान लक्ष्मण कोटेड,आशा डिंडोर, जिला कांग्रेस प्रवक्ता व जिला खाद्य सुरक्षा व सतर्कता समिति सदस्य सुखदेव यादव, युवा नेता मगन मोर, विकेश मोलात, पंकज अहारी, प्रतीक दामा,अजम कलासुआ, उमेश अहारी,सुनील भगोरा, सचिन कोटड़िया, राकेश डामोर मौजूद थे।

# परिवारवाद को बढ़ावा नहीं देने के फॉर्मूले की आड़ में भाजपा ने वसुंधरा खेमे को कमजोर करने का काम किया

## धरियावद से पूर्व विधायक गौतमलाल मीणा के पुत्र कन्हैयालाल मीणा के बजाय खेतसिंह मीणा को टिकट दिया

**उदयपुर।** धरियावद से पूर्व विधायक गौतमलाल मीणा के पुत्र कन्हैयालाल मीणा के बजाय भाजपा ने खेतसिंह मीणा को टिकट दिया है। खेतसिंह अभी सरपंच है और संघ विचारधारा के माने जाते है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि परिवारवाद को बढ़ावा नहीं देने के फॉर्मूले की आड़ में केंद्रीय नेतृत्व ने वसुंधरा राजे खेमे को कमजोर करने का काम किया है। गौतमलाल मीणा वसुंधरा राजे के कट्टर समर्थक थे। आमतौर पर किसी विधायक के निधन के बाद सहानुभूति लहर को देखते हुए उन्हीं के परिवार से टिकट मिलता है। सहाड़ा, सुजानगढ़ और राजसमंद चुनाव में ऐसा ही हुआ था लेकिन धरियावद में भाजपा ने सब को चौका दिया।कन्हैया मीणा गुरुवार सुबह नामांकन भी भरने वाले थे। बुधवार रात केंद्रीय नेतृत्व से उनकी जगह खेतसिंह का नाम तय हो गया। इसी तरह वल्लभनगर में भी रणधीर सिंह भींडर को टिकट दिए जाने की बात उठी थी। रणधीर सिंह भींडर वसुंधरा के काफी करीबी हैं। पिछले दिनों दो बार भींडर वसुंधरा से मिल चुके हैं। ऐसे में यहां भी केंद्रीय नेतृत्व की चली और चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी की पसंद से हिम्मत सिंह झाला को टिकट दिया गया।वल्लभनगर में बीजेपी से गुलाबचंद कटारिया उदयलाल डांगी को टिकट दिलाना चाहते थे, मगर ऐसा नहीं हुआ। हिम्मत सिंह झाला को टिकट मिला। हालांकि वल्लभनगर में बीजेपी ने बीच का रास्ता निकाला। कटारिया के पसंद के उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया तो उनके विरोधी रणधीर सिंह भींडर या उनके परिवार को भी टिकट नहीं दिया गया।

### भागेला स्कूल के शिक्षक बने भाशाह , विधालय विकास के लिए संपर्क पोर्टल पर भेंट की राशि

**झौथरी।** भागेला स्कूल के शिक्षकों ने स्वंय पहल करते हुए भामाशाह बनकर विधालय विकास के लिए राशि भेंट की और ग्रामीणों को भी विधालय के विकास के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया है। झौथरी ब्लॉक क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भागेला फला के संस्था प्रधान देवीलाल रोत तथा 2020 में राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक राजेश रोत के साझा प्रयास से विद्यालय में कार्यरत स्टाफ को विद्यालय विकास के लिए भामाशाह के रुप में ज्ञान संपर्क पोर्टल पर सहयोग राशि के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों ने स्वंय आगे आकर पहल की और 73 हजार रुपये की राशि भेंट स्वरुप जमा की। जिसमें राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक राजेश रोत ने 50 हजार, संस्था प्रधान देवीलाल रोत ने 5 हजार, विरेंद्र कुमार रोत ने 5 हजार, राजमल पारगी ने 4500 रुपये, लालशंकर कटारा ने 4500 रुपये, रमणलाल मनात ने 2 हजार,लोकेश कटारा ने 2 हजार रुपये संपर्क पोर्टल पर सहयोग राशि भेंट की।

# पति सोता रहा, 2 बच्चों के साथ सोई पत्नी ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

## नींद खुली तो लटका देखा, सुरजगांव की घटना

**डूंगरपुर।** रात को खाना खाने के बाद पति के साथ ही उसकी पत्नी और दो बच्चें घर मे सो गए, लेकिन गुरुवार का सवेरा हुआ तो प्रकाश और उसके दो बच्चों के लिए सबसे दुखभरा दिन था। पति ने उठकर देखा तो उसकी पत्नी घर के रस्सी से फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। इसके बाद उसके पैरों तले जमीन खिसक गई और फूट-फुटकर रोने लगा। सागवाडा थानाधिकारी सुरेंद्रसिंह सोलंकी ने बताया कि सुरजगांव निवासी प्रकाश डोडियार ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया कि बुधवार रात को परिवार के साथ खाना खाने के बाद उसकी पत्नी गायत्री डोडियार (28 वर्ष) और 2 बच्चें एक बेटा व एक बेटी घर में सो गए। सुबह करीब 7 बजे प्रकाश उठा तो पत्नी खांट पर नहीं थी। उसने घर मे देखा तो पत्नी घर मे रस्सी से फांसी का फंदा लगाकर लटकी हुई थी और जिससे उसकी मौत हो गई थी। पत्नी को लटका देखकर पति के होश उड़ गए और रोने लगा।

घटना के बाद गांव के सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में गांव के लोग इकट्ठे हो गए। सूचना पर सागवाडा थानाधिकारी सुरेंद्र सोलंकी मय जाब्ता मौके पर पंहुचे पर पंहुचे और घटना की जानकारी ली। इसके बाद ग्रामीणो की मदद से शव को फंदे से नीचे उतरवाया। पति प्रकाश ने पत्नी की मौत पर किसी भी तरह के संदेह से इंकार किया। वहीं किसी अनबन से भी मना किया। शव को सागवाडा अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया गया, जंहा पति की रिपोर्ट के बाद पोस्टमार्टम को लेकर कार्रवाई की जा रही है। वही गायत्री की मौत से उसके 2 बच्चों से मां का आंचल छीन गया।

## धंबोला पुलिस ने कार से 12 पेटी शराब पकड़ी, चालक गिरफ्तार

**सीमलवाड़ा।** जिले के पड़ोसी राज्य गुजरात शराब पर प्रतिबंध होने के बाद भी शराब तस्करी का खेल चल रहा है। धंबोला पुलिस ने एक कार से 12 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद कर चालक को गिरफ्तार किया है। धंबोला थानाधिकारी भैयालाल ने बताया कि अवैध शराब की गुजरात तस्करी होने की सूचना मिली थी। सरथूना चौकी प्रभारी राजाराम, कांस्टेबल शैलेष, कान सिंह ने टकारी होते हुए गुजरात जाने वाले रोड पर नाकाबंदी कर दी। इस दौरान उदयपुर नंबर की कार आते हुए नजर आई। रुकवाकर चालक से पूछताछ की तो,वह डर गया। कार की तलाशी में अवैध अंग्रेजी शराब की पेटियां भरी मिली। चालक बाबूलाल पुत्र अमराजी डामोर निवासी भचड़िया खास के पास शराब परिवहन का कोई दस्तावेज नहीं मिला। पुलिस ने शराब के साथ कार को जब्त अलग-अलग ब्रांड की 12 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की। जिसकी बाजार कीमत करीब 50 हजार रुपए बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने बताया गुजरात में अवैध शराब मुंहमांगे दामों पर बेची जाती है।

## भाजपा ओबिसी नगर मंडल सागवाड़ा की नई कार्यकारिणी की हुई घोषणा

**सागवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी नगर मोर्चा अध्यक्ष विजय कुमार पंचाल के द्वारा भाजपा ओबीसी कार्यकारिणी सागवाड़ा का विस्तार किया गया । जिसमें मंडल अध्यक्ष विजय पंचाल ने मंडल उपाध्यक्ष अक्षत सोनी, संजय दर्जी, नरेश प्रजापत, आशिष भावसार, मंडल महामंत्री नरेश सेवक, हितेश भोई, गणेश लाल पाटीदार, मंडल मंत्री जैकी कलाल, जयेश कलाल, अंकित भावसार, चिराग दर्जी, मंडल कोषाध्यक्ष भावीन भावसार और जिवन लाल पाटीदार, नितिन सुथार, जयेश पंचाल, बालकृष्ण कलाल, सुरेश प्रजापत, हर्षित पंचाल, विशाल कलाल, नयनेश सुथार को सदस्य मनोनीत किया गया ।

# पूजारवाडा में जैन मोहल्ले के लोगों की सजगता से टली चोरी की वारदात

## बीती रात 2 बजे पुलिस को दी सूचना, पुलिस के पहुंचते ही भागे चोर

**सागवाड़ा।** बीती रात सागवाड़ा नगर के पूजारवाडा में जैन मोहल्ले में लोगों की सजगता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से बड़ी चोरी की वारदात होते होते बच गई। जानकारी के अनुसार एक मकान में कुछ बदमाशों ने गेट के ऊपर कूदकर दरवाजा खिड़की को तोड़ने अंदर गुसने की कोशिश की। उसी समय मकान मालिक की खिड़की दरवाजे की आवाज से नींद खुल गयी। उन्होंने तत्काल मोहल्ले के निवासी अतुल सारगिया सहित आस पास रोहित सारगिया, अर्पित जैन, दिनेश जैन सभी लोगो को फ़ोन करके उठाया और सतर्क रहने की बात की उस समय चोर मकान की खिड़की के पास खड़े थे। अतुल सारगिया ने रात्रि में 2 बजे थानाधिकारी सुरेंद्र सोलंकी को इस प्रकरण की जानकारी दी। और पुलिस जाप्ता भेजने का निवेदन किया। थानाधिकारी ने 5 मिनट में पुलिस जीप में ड्यूटी पर उपस्थित पुलिस टीम को भेजा जिसकी भनक लगते ही चोर बदमाश वहां से भाग निकले। पुलिस के सभी जवानों ने वहां पर हर गली में जाकर मौका देखा लेकिन बदमाश वहां से भाग निकलने में सफल हुए।

# घट स्थापना के साथ 9 दिवसीय शारदीय नवरात्रि के अनुष्ठान शुरू



**डूंगरपुर।** जिले में या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता नमः तस्ये-नमः तस्ये, नमः तस्ये, नमो नमः.... के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ही 9 दिवसीय शारदीय नवरात्रि के घट स्थापना के साथ नवरात्रि अनुष्ठान शुरू हो गए। लेकिन कोरोना के चलते इस बार न तो गुजराती गरबों की धूम मचेगी ओर न ही डांडिया खनकेंगे। ऐसे में 9 दिनों तक कोरोना गाइड लाइन के अनुसार अनुष्ठानों के बाद पूर्णाहुति हो जाएगी।

श्राद्ध पक्ष के बाद आश्विन शुक्ल पक्ष की एकम गुरुवार से शारदीय नवरात्रि शुरू हो गए। दैवीय मंदिर और धामों पर शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ घट स्थापना की गई। मंदिरों में दिनभर या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता नमः तस्ये, नमः तस्ये, नमः तस्ये नमो नमः.. के मंत्र गूंजते रहे। पहले दिन मां के शैल पुत्री रूप की आराधना की गई। शहर के प्रमुख शिवाजी नगर माताजी मंदिर, शास्त्री कॉलोनी लाल माता मंदिर, फ़ौज का बड़ला महालक्ष्मी माता मंदिर, न्यू कॉलोनी अंबे माता मंदिर समेत कई शक्तिपीठों पर अनुष्ठानों की शुरुआत हुई।

वहीं जिले के सबसे बड़े गलियाकोट शीतला माता मंदिर, आसपुर विजवामाता मंदिर, निठाउवा आशापुरा धाम, वरदा काली कल्याण धाम समेत कई मंदिरों में सुबह से दर्शनों के लिए भक्तों की भीड़ रही। लेकिन शारदीय नवरात्रि पर हर बार की तरह इस बार गुजराती गरबे नहीं सुनाई देंगे और न ही डांडिया खेला जाएगा, जिससे गरबा चौक खामोश रहेंगे। ऐसे में नवरात्रि के कई तरह के कार्यक्रमो पर असर पड़ेगा। लेकिन मंदिरों में अनुष्ठान चलते रहेंगे।

## नये साल के पहले खड़गदा में तैयार हो जाएगा मां भगवती का नया मंदिर



**सागवाड़ा।** भगवती माता मंदिर खड़गदा के जीर्णोद्धार का काम शुरू हो गया है। गुरुवार को मंदिर के नवीन स्वरूप को लेकर चर्चा की गई। साथ ही मंदिर निर्माण के लिए सहयोग राशि भी प्राप्त हुई। श्री क्षेत्रपाल मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष शशिकांत पुरोहित, पूर्व अध्यक्ष ईश्वरचंद्र भट्ट, जवाहर जोशी, डा. विजय जोशी, ईश्वर भट्ट, उप सरपंच अनिल पुरोहित, मनोज दीक्षित, बदामीलाल दर्जी, सुशील, भट्ट, दीपेश, कुलदीप भट्ट की मौजूदगी में मंदिर के नवीन स्वरूप के निर्माण को लेकर चर्चा की गई। ईश्वर पंड्या ने मंदिर निर्माण की डीजाइन, लेआउट और उसमें उपयोग की जाने वाली सामग्री के बारे में सुझाव दिया। अध्यक्ष शशिकांत पुरोहित ने बताया कि जनवरी 2022 तक मंदिर बन कर तैयार हो जाएगा। ईश्वर भट्ट ने बताया कि मंदिर निर्माण को लेकर ग्रमीणों से सहयोग राशि भी एकत्र की जा रही है। नवरात्रि के पहले दिन जयदेव दीक्षित और ईश्वरलाल पंचाल की ओर से 11-11 हजार रुपए मंदिर प्रबंध समिति को दिये गए।

# हरे पेड़ काटते एक क्रेन, एक ट्रक को जब्त, 2 चालक गिरफ्तार

## सिदड़ी खेरवाड़ा गांव में हरे पेड़ो को काटकर गुजरात तस्करी हो रही थी

**डूंगरपुर।** जिले में हरे पेड़ो की अवैध कटाई कर गुजरात तस्करी के खिलाफ जिला स्पेशल पुलिस टीम ने बुधवार रात को बड़ी कार्रवाई की है। डीएसटी ने दोवड़ा थाना क्षेत्र के सिदड़ी खेरवाड़ा गांव में हरे पेड़ो को काटकर गुजरात तस्करी करते एक क्रेन, एक ट्रक को जब्त किया है, जबकि 2 चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

जिला स्पेशल टीम के प्रभारी दिलीपदान ने बताया कि मुखबीर के जरिये दोवड़ा थाना क्षेत्र में सिदड़ी खेरवाड़ा के पास हरे पेड़ो की अवैध कटाई की सूचना मिली थी। इस पर बुधवार देर रात को डीएसटी हेड कांस्टेबल नवीन कुमार, कांस्टेबल महावीर, मुकेश, राजगोपाल व यशपालसिंह की टीम ने सिदड़ी खेरवाड़ा में सड़क के किनारे काटे गए पेड़ो पर कार्रवाई की। मौके पर बड़ी मात्रा में हरे पेड़ो की कटाई कर पकड़ी के बड़े-बड़े गट्टे बनाकर रखे गए थे। इन लकड़ी के गट्टों को क्रेन से ट्रक में भरकर गुजरात तस्करी के फिराक में थे।

पुलिस को देखते ही लकड़ी तस्करों में हड़कंप मच गया। लकड़ी कटाई ओर परिवहन को लेकर कोई दस्तावेज नहीं मिले, जिस पर डीएसटी ने ट्रक, क्रेन को जब्त करते हुए दोवड़ा थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। वहीं ट्रक चालक हाकरचंद पुत्र दोला बरंडा निवासी गड़ा मोरैया, क्रेन चालक सुरेश पुत्र हाजा डामोर निवासी देवल को भी पुलिस को सौंप दिया है।

## सेव द चिल्ड्रन संस्था की ओर से दान उत्सव में किया गया रक्तदान

**झौथरी।**

सेव द चिल्ड्रन द्वारा दान उत्सव में किया गया रक्त दान किया। गुरुवार को दान उत्सव के तहत सेव द चिल्ड्रन संस्था ने डूंगरपुर जिला अस्पताल में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान किया गया। संस्था के सहायक प्रबंधक संजय मोड़ ने बताया की संस्था द्वारा यह शिविर दान उत्सव कार्यक्रम अन्तर्गत आयोजित किया गया जिसमे की रक्तदान हेतु लोगो को प्रेरित किया गया साथ ही रक्तदान के लाभ पर चर्चा की गई। शिविर में अस्पताल ब्लड बेंक स्टाफ द्वारा सभी रक्तदाताओं का हिमोग्लोबिन एवं ब्लड प्रेशर की जाँच की गई उसके उपरांत गोरव पंचाल, हितेश गामोट ,दिनेश सेवक, पदमेश गांधी द्वारा रक्तदान की प्रक्रिया को पूर्ण करने में पूर्ण सहयोग किया गया।